


राष्ट्रीय हिंदी मासिक

# सत्यवान समाचार

मूल्य : 5/-
सितम्बर, 2023
वर्ष- 1, अंक - 3




रिवील हुई एक्ट्रेस के इवेंट्स से गायब होने की असली वजह..... पेज 6

Website : https://www.Satyavansamachar.com/ satyavansamachar@gmail.com

चीन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बिखेरा जलवा..... पेज 6

आजमगढ़ से प्रकाशित

## संछिप्त

### छत्र के पिटाई के मामले में सख्त सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक छात्र की पिटाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये मामला गंभीर और चिंता वाला है. ये जीने के अधिकार का मामला है. कोर्ट ने कहा कि यह घटना राज्य की अंतरात्मा को झकझोर करने वाली है लेकिन फिर भी रिपोर्ट दर्ज करने में देरी की गई. यूपी सरकार से सवाल करते हुए कोर्ट ने कहा कि एक शिक्षक ने बच्चे को उसके धर्म के कारण पीटने का आदेश दिया. स्कूलों में कैसी शिक्षा दी जा रही है? इस मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगीइस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आदेश दिया है कि आईपीएस अफसर को जांग की निगरानी सौंपी जाए. इसके साथ ही यूपी शिक्षा विभाग से भी जवाब मांगा गया है.सुप्रीम कोर्ट के जज ने एफआईआर पर गंभीर आपत्ति जताईइस मामले सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओक ने कहा कि जिस तरह से एफआईआर दर्ज की गई उस पर हमें गंभीर आपत्ति है. बच्चे के पिता ने बयान दिया था कि धर्म के कारण उन्हें पीटा गया है लेकिन एफआईआर में इसका जिक्र नहीं है. यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मामला है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है. जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए.

### एनआईए का सख्त कदम

नई दिल्ली। एनआईए ने कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में छिपे गैंगस्टर्स और खालिस्तानी आतंकियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एनआईए ने पंजाब समेत 6 राज्यों की पुलिस से ऐसे लोगों का डेटा मांगा है, जो जाली पासपोर्ट और फर्जी दस्तावेजों तैयार करके कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में बस गए हैं.खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंहनिज्जर की हत्या के मामले में भारत और कनाडा के बीच तनातनी जारी है. इस बीचभारत के ताबड़तोड़ एक्शन से खालिस्तानियों में खलबली मच गई है. नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी एनआईए ने विदेश में बैठकर भारत के माहौल को खराब करने वाले गैंगस्टरों और आतंकियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एनआईए ने पंजाब समेत 6 राज्यों की पुलिस से उन सभी गैंगस्टरों और आतंकियों का डेटा मांगा है, जो जाली पासपोर्ट और फर्जी दस्तावेजों के सहारे इंग्लैंड, अमेरिका और कनाडा में छिपे हुए हैं साथी उनके संबंध व करीबियों के संबंधित सभी चल अचल संपत्तियों पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए सीज किया जा रहा है। साथी अभी तक कई मामलों में फरार चल रहा है अपराधियों के भी इन आतंकवादी खाली स्थानी संगठनों के संबंधों की जांच की जा रही है व उनके भी खिलाफ विशेष कार्रवाई की जा रही है।

### 27 वां दीक्षांत समारोह 9 नवंबर को

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 9 नवंबर को आयोजित है इस विषय में जानकारी गुरुवार को कुलपति वंदना सिंह की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह कमेटी की बैठक के बाद दी गई। कुलपति वंदना सिंह और कुल सचिव महेंद्र कुमार ने कुल 50 समितियां के संयोजकों से तैयारी के संबंध में वार्ता की जिसमें बताया गया कि 21 तारीख को ही राज भवन से दीक्षांत समारोह की सूचना की तिथि प्राप्त हुई.

# मोदी यानि हर गारंटी पूरी होने की गारंटी

## एमपी के कार्यकर्ता महाकुंभ में गरजे मोदी



भोपाल। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल से भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद कर दिया। भोपाल के जंबूरी मैदान में भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश को कांग्रेस के हाथों में जाने से बचाना है। पीएम मोदी ने 45 मिनट के अपने भाषण में कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए राहुल गांधी पर भी तंज कसा। पीएम मोदी ने सभा स्थल पर रोड शो भी किया। पीएम ने कहा कि कार्यकर्ता महाकुंभ दिखाता है कि मध्यप्रदेश के मन में क्या है। कार्यकर्ता महाकुंभ में भाजपा के हर कार्यकर्ता के बुलंद हौंसले को दिखाता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। मध्यप्रदेश से भाजपा को विशेष जुड़ाव रहा है। जनसंघ के जमाने से मध्यप्रदेश की जनता ने भाजपा को विशेष आशीर्वाद दिया है। पीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश भाजपा के विचार का ही नहीं विकास के विजन का महत्वपूर्ण केंद्र है। अमृत काल में जब देश आगे बढ़ रहा है तब मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है।पीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीस साल से भाजपा की सरकार है और जो युवा इस बार चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे उन्होंने भाजपा की सरकार को देखा है। यह युवा सौभाग्यशाली है कि उन्होंने मध्यप्रदेश में कांग्रेस के शासन की बुराईयों को नहीं देखा है। कांग्रेस के राज में मध्यप्रदेश में कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन था। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। प्रदेश के युवाओं ने खस्ताहाल कानून व्यवस्था नहीं देखी, युवाओं ने भाजपा का सुशासन ही देखा है।पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले चुनाव बहुत अहम है। हमें ध्यान रखना है कि विकास का जो रास्ता मध्यप्रदेश के लोगों ने बनाया है। वह विकास की गाड़ी सड़क से उतरे और भटके नहीं है। मध्यप्रदेश से सटे राजस्थान में जहां कांग्रेस की सरकार है वहां कांग्रेस ने बर्बादी लाई। मध्यप्रदेश के विकास के लिए आने वाले साल बहुत महत्वपूर्ण है औऱ इतने महत्वपूर्ण समय में कांग्रेस जैसी पार्टी को जरा भी मौका मिल गया तो मध्यप्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान होगा।पीएम ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि क्या आप एमपी के युवाओं के भविष्य को तबाह करना चाहते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य की सोच नहीं है। कांग्रेस जंग लगा वह लोहा जो देखते-देखते बारिश में खत्म हो जाता है। कांग्रेस विकसित भारत से जुड़े हर प्रोजेक्ट का विरोध करती है।पीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार काम कर रही है। पीएम ने कहा कि बीते 9 सालों में जो भी योजनाएं बनाई उसमें गरीबों, सोशितों, वंचितों और महिला को सबसे बड़ा लाभार्थी बनाया है। भाजपा सरकार ने गरीबों को जीवन को बदलने का प्रयास किया। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले गरीबी हटाओ का नारा कांग्रेस ने दिया था, क्या कांग्रेस ने अपना वादा पूरा किया। पीएम ने कहा भाजपा सरकार ने साढे 13 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। पीएम ने कहा कि यह मोदी की गारंटी का नतीजा है और जब मोदी गारंटी देता है तो वह जमीन पर उतरती है, घर-घर पहुंचती है। मोदी यानि हर गारंटी पूरी होने की गारंटी।

## खेल के प्रति समाज का नजरिया बदला- मोदी

प्रस्तावित अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



वाराणसी। आज खेलो के प्रति समाज का नजरिया बदला है। आज क्रिकेट के माध्यम से भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। उक्त बातें वाराणसी से सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वाराणसी के गंजरी में 451करोड़ रुपये की लागत 30.66 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाली पूर्वांचल के पहले अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। वहीं रूद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित एक समारोह में उन्होंने १६ अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया भी किया, संपूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय के मैदान में आयोजित नारी शक्ति वंदना मोदी जी का अभिनंदन नामक कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की वर्षा कर प्रधानमंत्री जी का स्वागत अभिनंदन किया प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गंजरी में शिलान्यास के बाद एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के बन जाने पर जहां यहां एक साथ 30000 लोग बैठकर मैच खेल का आनंद उठा पाएंगे और स्थानीय खिलाड़ियों में भी एक उत्साह बनेगा और उनकी प्रतिभा भी निखरेगी वही बनारस में व्यवसायिक व्यवस्था को लाभ पहुंचेगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। वही सौसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति आध्यात्मिक नगरी अविनाशी काशी में समग्र विकास हुआ है और यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज एक बार फिर अनेकों उपहार के साथ काशी आए हैं उत्तर प्रदेश में पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण बीसीसीआई के द्वारा किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस यात्रा को काशी में एक स्वर्णिम अध्याय बताया। इस दौरान पीएम मोदी लगभग 451 करोड़ रुपये की लागत वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। इसके अलावा सांस्कृतिक महोत्सव 2023 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में भाग भी लिया।

## आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर जिसे तीर्थ नगरी के नाम से भी जाना जाता है में आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक की आधारशिला भी रखी जाएगी। ओंकारेश्वर की धरा पर आध्यात्मिक सांस्कृतिक और भौगोलिक स्तर पर राष्ट्रीय एकता का सूत्र प्राप्त करने वाले साधक आदि



गुरु शंकराचार्य 'एकात्मता की प्रतिमा' स्थापित हो रही है। यह सार्वभौमिक एकात्मता का संदेश प्रतिमा पूरे विश्व को चैतन्य की देगी। 21 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण हुआ। इससे पहले ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट की प्रतिमा का विहंगम दृश्य नजर आया। पहले ये कार्यक्रम 18 सितंबर को होने वाला था, लेकिन बारिश और बाढ़ की वजह से इसे टालकर 21 सितंबर कर दिया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की मौजूदगी में अनावरण हुआ जिसमें जूना अखाड़ा के महा मंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद सहित देश के 1300 संत और महंत मौजूद रहेंगे। गुरुवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। वैदिक यज्ञ अनुष्ठान के साथ आहुति हुई तो वहीं शैव परंपरा के नृत्यों की प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा 108 फीट की ऊंचाई का स्थापित कर पुरातन हिंदू सनातनी आस्था को ध्वजवाहक के रूप में स्थापित किया ।

## एशियाई खेल में भारत ने दो स्वर्ण सहित जीते 11 मेडल



हांगझोऊ। एशियाई खेल में भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और छह हैं। सभी भारतीय पदक विजेताओं टैली देखें। भारत 655 एथलीटों हिस्सा ले रहा है, जो 23 सितंबर के हांगझोऊ में जारी है, टीम रुद्रांक्ष दिव्यांश सिंह पंवार शूटिंग मेंस 10 जीता,रमिता, मेहुली घोष और मीटर एयर राइफल में सिल्वर जीता सिंह रोइंग मेंस लाइटवेट डबल बाबू लाल यादव और लेख राम नीरज, नरेश कलवानिया, नीतेश ने हांगझोऊ 2023 में अब तक कांस्य समेत कुल दस पदक जीते को जानें और एशियन गेम्स मेडल के साथ एशियन गेम्स 2023 में से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, मीटर एयर राइफल में गोल्ड आशी चौकसे शूटिंग वूमेंस 10 ,अर्जुन लाल जाट और अरविंद स्कल्स में सिल्वर जीता, रोंइंग मेंस में पेयर ब्रॉन्ज जीता, कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार, आशीष, डीयू पांडे रोइंग मेंस में 8 सिल्वर जीता,रमिता शूटिंग वूमेंस 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज जीता,जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार, आशीष रोइंग मेंस 4 में ब्रॉन्ज जीता ,एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर शूटिंग मेंस 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज जीता,विजयवीर सिद्धू, आदर्श सिंह, अनीश भनवाला शूटिंग मेंस 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम ने ब्रॉन्ज जीता.

## बिहार में नीतीश का सस्पेंस



पटना। क्या पटना में हो सकती है फिर बड़ी राजनीतिक घटना? इस तरह की बातें फिर राजनीतिक गलियारों में होनी शुरू हो गई है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गतिविधियों और हाल के बयानों को देखते हुए एनडीए गठबंधन में वापसी की चर्चा जोरों पर है। नीतीश कुमार आज पटना में भाजपा नेताओं की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे साथ मुख्यमंत्री आवास पर उन्होंने कार्यकर्ताओं पर आधार अधिकारियों संघ ढाई से 3 घंटे की मीटिंग भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईएनडीआईए में खटपट और उनके एनडीए में शामिल होने को लेकर पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया।विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए में खटपट और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से एनडीए में शामिल होने की चर्चा जोरों पर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार जल्द आईएनडीआईए छोड़ एनडीए में शामिल हो सकते हैं। इस बीच, बिहार के सीएम नीतीश कुमार सोमवार को भाजपा नेताओं की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे जबकि अन्य दलों का भी एक और कार्यक्रम था जिसमें सभी केंद्र के विपक्षी दल शामिल हुए थे लेकिन उस कार्यक्रम में नीतीश कुमार नहीं गए।

## विधायक के घर युवक ने की आत्महत्या

उत्तर प्रदेश। राजधानी लखनऊ की बीकेटी विधानसभा से विधायक योगेश शुक्ला के घर पर एक युवक ने सुसाइड कर ली है. घटना के वक्त विधायक के घर पर वह अकेला था. बताया गया है कि उसने अपने घर पर फोन भी किया था और कहा था कि वह अपनी जान देने जा रहा है. हालांकि, लखनऊ के हजरतगंज इलाके में स्थित भाजपा विधायक के सरकारी फ्लैट में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. रविवार देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान श्रेष्ठ तिवारी के रूप में हुई है, जो विधायक के सोशल मीडिया का काम देखता था दरअसल, बख्शी का तालाब विधानसभा सीट से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के हजरतगंज स्थित सरकारी फ्लैट नंबर 804 में मीडिया सेल में काम करने वाले चौबीस साल के श्रेष्ठ तिवारी रविवार देर रात में अकेले था. जानकारी के मुताबिक, ख़ुदकुशी के वक्त वह प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था. उसी ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा. कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. गर्लफ्रेंड के मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में लिया है. तिवारी की फ्रेंड ने वीडियो कॉल के दौरान खुदकुशी के स्क्रीनशॉट भी लिए हैं. श्रेष्ठ के साथ ही लड़की के मोबाइल को भी कब्जे में लिया है

## अब राशन कार्ड धारक भी होंगे आयुष्मान के पात्र

नई दिल्ली। भारत सरकार की सर्वाधिक प्रचलित स्वास्थ लाभ योजना जो लोगों को स्वास्थ्य लाभ में आर्थिक सहयोग प्रदान करती है अब उसके नियम में कुछ ढील देने के कारण अब करोड़ों लोगों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा जो अभी तक नियमों अनुसार इस योजना के लाभ से वंचित थे हालांकि इस योजना का लाभ संभवत भारत के हर नागरिक को मिलने की उम्मीद की जा रही है लेकिन जनसंख्या के आंकड़े को देखते हुए एक साथ ऐसा करना संभव नजर नहीं आता जिसके चलते सरकार ने एक नई एडवाइजरी जारी की है जिसके अंतर्गत अब आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत वह सभी परिवार जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उन्हें प्रतिवर्ष प्रति लाभार्थी पांच लाख तक की निशुल्क उपचार की सुविधा सरकार दे रही है। इस योजना के लाभ से गरीब लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हो रहा है। नए नियम में इस बार जिन पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारक परिवारों में पांच से अधिक सदस्य हैं, अब उन लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।6 यूनिट या अधिक पात्र गृहस्थी के परिवारों के करोड़ों सदस्य लाभान्वित होंगे। साथ प्रत्येक परिवार के सीनियर सिटिजन (60 वर्ष से अधिक) को भी यह लाभ मिलने का अवसर मिल सकता है।मालूम हो कि केंद्र सरकार द्वारा




आयुष्मान भारत योजना जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है| इस योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 500000 तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाता है। देश की शीर्ष सत्ता पर 2014 में पूर्ण बहुमत के साथ आई भाजपा सरकार ने एक योजना बना कर आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले से 14 अप्रैल 2018 को शुरू किया| इसके बाद 25 सितंबर 2018 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म दिवस पर यह योजना भारत के सभी राज्यों में लागू कर दी गई थी| आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को सालाना रुपया पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाता है | जिनसे 1350 से अधिक बीमारियों की मुफ्त इलाज करवाया जा सकता है, जहां इस योजना के लाभार्थी मरीज परिवारों को लाभ कुछ गिने चुने अस्पतालों में मिलता था अब वही इस योजना का लाभ कई प्राइवेट अस्पतालों छोटे शहरों, कस्बों तक में मिल रहा है जिससे इस योजना का लाभ उसे हर एक परिवार को उठाना चाहिए जिसके यह पात्र हैं। पत्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब किसी सरकारी दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना होगा अब या अपने मोबाइल से ही राशन कार्ड व मोबाइल नंबर से लिंक आधार के सहयोग से आयुष्मान (सपोर्ट)एप के जरिए बना सकते .